

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

नोरा फतेही ने अश्लील गाने पर माफी मांगी

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 | अंक : 59 | शुक्रवार 8 मई 2026 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## मरीज की मौत पर सेंट्रल अस्पताल में तोड़फोड़

- डॉक्टरों का कामबंद आंदोलन
- रोजाना अस्पताल में गाली गलौज होता है- डॉक्टर
- महापौर व पुलिस ने अस्पताल का दौरा किया



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-3 स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में बुधवार आधी रात को एक मरीज की मौत के बाद तोड़फोड़ की बड़ी घटना हुई। इस घटना से हॉस्पिटल परिसर में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। मिली जानकारी के मुताबिक भगवान निम्बोरे नाम के एक मरीज को बुधवार रात करीब 11 बजे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रात करीब 1 बजे मरीज की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही रिश्तेदारों और कुछ गुस्साए लोगों ने हॉस्पिटल में हंगामा करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान हॉस्पिटल में स्टाफ के साथ मारपीट भी की गई। हॉस्पिटल की खिड़कियां तोड़ दी गईं और कई मेडिकल इक्विपमेंट और सामान को नुकसान पहुंचाया गया।

### 12 से ज्यादा बाइक और दो कारों में लगाई आग



डॉक्टरों ने कहा कि हम मरीज को बचाने की पूरी कोशिश करते हैं लेकिन बावजूद हम पर हमले हो रहे हैं। घटना के बाद हॉस्पिटल प्रशासन ने सुरक्षा का मुद्दा उठाया और डॉक्टरों ने कहा कि यहां रोजाना कोई न कोई मरीज के परिजन गाली गलौज करते हैं और हम पर हमला करते हैं इसलिए सुरक्षा के मद्देनजर हमने काम बंद किया था। अस्पताल प्रशासन ने मांग की कि आरोपियों के खिलाफ तुरंत केस दर्ज किया जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए। इस बीच महापौर अश्विनी निकम और पुलिस ने मौके का दौरा किया और भरोसा दिलाया कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने काम बंद आंदोलन वापस लिया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# उल्हासनगर में 'पार्किंग घोटाला'

### मनपा के नाम पर नकली रसीदें

### कार्रवाई के बाद अवैध पार्किंग सील







**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में 'स्मार्ट सिटी' के नाम पर चल रहे 'स्मार्ट पार्किंग' प्रोजेक्ट में घोटाला हुआ है। आठ महीने से रेलवे स्टेशन के बाहर मनपा के नाम पर अवैध पार्किंग चल रही थी, जिससे नागरिकों को लूटा जा रहा था। आखिरकार, उल्हासनगर मनपा आयुक्त और महापौर के इंस्पेक्शन टूर के दौरान इस घोटाले का पर्दाफाश हुआ और प्रशासन ने तुरंत एक्शन लेते हुए संबंधित पार्किंग को सील कर दिया।

इस कैंपेन के दौरान कमिश्नर मनीषा आव्हाले, महापौर अश्विनी निकम, शिवसेना ग्रुप लीडर अरुण आशान, निखिल पाटिल, अमर जग्यासी और दूसरे पदाधिकारियों ने शहर की खास जगहों का इंस्पेक्शन किया। इस दौरान पता चला कि रेलवे स्टेशन के बाहर 'स्मार्ट पार्किंग' के नाम से चल रही पार्किंग में मनपा के नाम पर पैसे वसूले जा रहे थे। आयुक्त ने तुरंत संबंधित लोगों से जवाब मांगा और कार्रवाई का आदेश दिया।

इसके बाद वार्ड ऑफिसर सलोनी निमकर और प्रॉपर्टी डिपार्टमेंट ऑफिसर छाया डांगले मौके पर पहुंचीं और संबंधित पार्किंग को तुरंत सील कर दिया।

जांच में पता चला कि पार्किंग के लिए इस्तेमाल की गई रसीद बुक उल्हासनगर मनपा के नाम पर थी, लेकिन उस पर कोई वैलिड रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। इसलिए, यह साफ हो गया कि पूरी घटना फर्जी थी। खास बात यह है कि यह गैर-कानूनी धंधा पिछले आठ महीने से चल रहा था और नागरिकों से बड़ी रकम वसूली जा रही थी।

इस घटना ने मनपा के नाम का गलत इस्तेमाल करने के ऐसे मामलों पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। प्रशासन ने संबंधित डायरेक्टर को जरूरी डॉक्यूमेंट्स जमा करने का निर्देश दिया है और आगे की जांच चल रही है। इस कार्रवाई से शहर के दूसरे गैर-कानूनी पार्किंग मालिकों में भी हड़कंप मच गया है, और मनपा ने संकेत दिया है कि भविष्य में ऐसे मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

> उल्हासनगर पश्चिम रेलवे स्टेशन के बाहर चल रही इस स्मार्ट पार्किंग मामले में गंभीर गड़बड़ियां पाई गई है। संबंधित पार्किंग ऑपरेटर को तुरंत सभी डॉक्यूमेंट्स मनपा में जमा करने का निर्देश दिया गया है। अगर डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई करते समय कोई गड़बड़ियां पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज करने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> -छाया डांगले (प्रॉपर्टी डिपार्टमेंट ऑफिसर)

# अंबरनाथ नपा में शिवसेना गट को मान्यता मिली

- ठाणे जिलाधिकारी का निर्णय
- गट का निर्णय जाहिर
- शिवसेना में खुशी की लहर



**अंबरनाथ.** ठाणे जिलाधिकारी ने शिवसेना के 32 के गट को अधिकृत ठहराते हुए उसे मान्यता दी है. भाजपा के गट को मान्यता नहीं देने से अंबरनाथ नपा में शिवसेना और राकांपा के चार एक अपक्ष को मिलाकर कुल 32 के गट को मान्यता मिलने से भाजपा का एक स्वीकृत नगरसेवक का पद खतरे में आ गया है.

विदित हो कि अंबरनाथ नपा में भाजपा के 15, राकांपा के 4 और कांग्रेस के 12 और एक अपक्ष नगरसेवक को मिलाकर पहला गट बनाया गया. बाद में राकांपा के चार नगरसेवकों ने शिवसेना के साथ गट बना लिया था. भाजपा ने उच्च न्यायालय का सहारा लिया। न्यायालय ने उन्हें जिलाधिकारी के पास जाने को कहा. ये प्रकरण जिलाधिकारी के पास प्रलंबित था. जिलाधिकारी ने शिवसेना के गट को मान्यता देने से अब भाजपा नगर विकास मंत्रालय का सहारा ले सकता है. ये सब जानकारी हमें शिवसेना के गट नेता रविंद्र करंजुले ने दी है. उन्होंने कहा है कि सत्यमेव जयते। सत्य की जीत हुई है. तो शिवसेना के नगरसेवक अब्दुल शेख ने कहा है कि उनके पक्ष की जीत हुई है. हम बहुमत में हैं. अब हमारे तीन स्वीकृत नगरसेवक होंगे। अब विषय समिति, सभापति के चुनाव होंगे, जिसमें सभी विषय समिति के सभापति शिवसेना, राकांपा के होंगे। ऐसा बताया गया है. नगरसेवक विकास हेमराज ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि चार महिने से जो ग्रहण लगा था. वह अब खत्म हो गया है.सत्य की विजय हुई है.

उन्होंने बताया कि उन्होंने कांग्रेस के १२ नगरसेवक जो कि भाजपा पक्ष में जाकर उनको समर्थन दिया है. उनका भी निर्णय जल्द ही आएगा। राजेंद्र वालेकर ने उनके गट को मान्यता मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि नपा में वह पहले भी बहुमत में थे और आज भी बहुमत में है.

# अंबरनाथ : दोपहर में सिग्नल बंद रहेंगे

- आज से दोपहर 12 से 4 बजे तक बंद रहेंगे सिगनल



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में दोपहर के समय 4 घंटे तक ट्रैफिक सिगनल बंद रखने का निर्णय अंबरनाथ प्रशासन ने लिया है. गरमी का कहर बहुत ज्यादा बढ़ जाने के कारण ये निर्णय लिया गया है. आज 8 मई से बारिश शुरू होने तक दोपहर में 12 बजे से 4 बजे तक शहर के सभी सिगनल बंद रहेंगे. ये निर्णय नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले एवं मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने जनता की सहूलियत में लिया है. नपा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में ऐसा कहा गया है.

अंबरनाथ शहर का तापमान 42 से 45 डिग्री तक पहुंच गया है. इस भयंकर गर्मी में वाहन चालकों को एक से डेढ़ मिनट तक रेड सिगनल होने के कारण खड़े रहना पड़ता है. विशेषतः दो पहिया चालकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है. परिणामस्वरूप चक्कर आना, उष्माघात, तबियत बिगड़ सकती है. कई जगह पर दुर्घटना भी देखने को मिल रही है. उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए शहरवासियों का स्वास्थ्य व सुरक्षितता की दृष्टि से अंबरनाथ नपा प्रशासन ने 8 मई शुक्रवार से दोपहर 12 से 4 बजे तक शहर के सभी सिगनल बंद रखने का निर्णय लिया है. विदित हो कि बदलापुर नपा ने भी कुछ दिनों पूर्व भारी गर्मी को देखते हुए दोपहर में सिगनल बंद रखने का निर्णय लिया है.

# तेज हवाओं के साथ बेमौसम बारिश

**कल्याण.** गुरुवार दोपहर ठाणे जिले में अचानक आए तूफान और बारिश ने लोगों को काफी परेशान किया। कुछ ही मिनटों में मौसम बदलने से धूल के बादल, तेज हवाएं और फिर कुछ जगहों पर बारिश हुई। कई जगहों पर बिजली सप्लाई भी बाधित रही।

गुरुवार शाम करीब 4 बजे ठाणे, कल्याण, उल्हासनगर और अंबरनाथ इलाकों में अचानक तेज हवाएं चलीं और धूल के बड़े-बड़े बादल देखे गए। इससे ड्राइवरों का सड़क पर गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया। कई लोगों ने सुरक्षा कारणों से अपनी गाड़ियां सड़क किनारे रोक दीं। शहापुर और मुरबाड इलाकों में भी तेज हवाओं के साथ बेमौसम बारिश हुई।



**अंबरनाथ में गुरुवार दोपहर 4.15 बजे जोरदार तूफानी हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई. बारिश 10 से 15 मिट तक शुरू रही. कुछ ने इस गर्मी में बारिश में भीगना ही बेहतर समझा. शहर पश्चिम के कुछ परिसर में जोरदार बारिश हुई है तो कुछ परिसर में हल्की बारिश हुई है.**

तेज हवा के कारण पेड़ की टहनियां सड़क पर गिर गईं। कुछ जगहों पर सड़क पर ट्रैफिक रुक गया और ड्राइवरों को टहनियों को हटाकर आगे बढ़ना पड़ा। साथ ही, कई घरों की छतें उड़ गईं। अचानक तेज हवा चलने से लोग और दुकानदार घबरा गए। बदलापुर, वंगानी, अंबरनाथ और उल्हासनगर शहरों में अचानक बादल छा गए। थोड़ी ही देर में हवा थम गई। इस वजह से शुरू में कुछ देर के लिए कई इलाकों में धूल उड़ती रही। वांगनी इलाके में करीब 4:30 बजे हल्की बारिश हुई। बदलापुर, अंबरनाथ और उल्हासनगर में भी यही हाल था। कई जगहों पर बिजली सप्लाई कट गई।

# अंबरनाथ में 48 लाख रुपए का साइबर क्राइम

- शेयर मार्केट में मुनाफे के नाम पर धोखाधड़ी

**अबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम शिवलिंग नगर निवासी महेश रामनाथ सोनावणे (४८ ) के साथ लाखों रुपयों का साइबर क्राइम हुआ है. उन्होंने अंबरनाथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि १९ अक्टूबर २०२५ से १६ नवंबर २५ के बीच उनके साथ ४८ लाख ७९ हजार का साइबर क्राइम कुछ लोगों ने किया है. आरोपी कियारा शर्मा और उनके साथियों ने शिकायतकर्ता को बताया कि उनकी सुंदरम एमएफ कंपनी है. ऐसा बताकर महेश को विश्वास में लेकर उन्हें उनकी कंपनी के SDAMC नामक एप उनके मोबाइल में इन्स्टाल करने को कहा. शेयर मार्केट में आपको बहुत बड़ा फायदा होगा, ऐसा लालच बताकर शुरू में दस हजार रुपए लेकर उसका नफा शिकायतकर्ता के मोबाइल में एप पर दिखाकर शिकायतकर्ता को ज्यादा मुनाफा होने के लिए अधिक रकम जमा करने के लिए कहकर हर दफा एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, बैंक आफ महाराष्ट्र और यूको बैंक व अन्य बैंक ऐसे अलग-अलग एकाउंट में पैसे भेजने के लिए कहा गया. इस प्रकार शिकायतकर्ता से ४८ लाख ९७ हजार रुपए फोन पे, आरटीजीए द्वारा लेकर उनके साथ धोखाधड़ी की गई. अंबरनाथ पुलिस ने कियारा शर्मा व अन्य के नाम आईटी अधिनियम की धारा ६६ ड के अनुसार अपराध दर्ज कर लिया है. मामले की जांच मपोउपनि रूपाली सालवे कर रही हैं.

## उल्हासनगर में 4.40 लाख रुपये की घर में चोरी

उल्हासनगर. वीनस चौक इलाके के कैंप नंबर 4 में मीनू बिल्डिंग के एक बंद घर में मंगलवार को 4.40 लाख रुपये के कैश और सोने के गहने चोरी होने का मामला सामने आया। इस बारे में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

अतुल विजय बानाईत उल्हासनगर-4 स्थित वीनस चौक के मीनू बिल्डिंग में रहते हैं। वह मंगलवार सुबह 10 बजे घर बंद करके चले गए थे। जब वह रात 9 बजे घर लौटे तो दरवाजा टूटा हुआ था और घर खुला हुआ था। पता चला कि चोर घर में घुसा और लोहे की अलमारी से 4.40 लाख रुपये के कैश और गहने चुरा ले गया।

# पहले व तीसरे शुक्रवार को बंद रहेगा पानी

**उल्हासनगर.** एल नीनो और IOD के असर की वजह से इस साल मॉनसून सीज़न में देरी होने की संभावना है। भविष्य में पानी की कमी से बचने के लिए, MIDC ने वॉटर रिसोर्स डिपार्टमेंट के साथ मीटिंग के बाद महीने के पहले और तीसरे शुक्रवार को पानी की सप्लाई कम करने का फैसला किया है।

उल्हासनगर के कई हिस्सों में पानी की कमी की स्थिति है और शहर के पूर्वी हिस्से में हर दूसरे दिन पानी की सप्लाई हो रही है। इस साल मॉनसून सीज़न में देरी होने की संभावना है। भविष्य में पानी की कमी को देखते हुए, MIDC मई के पहले और तीसरे शुक्रवार को 24 घंटे के लिए जांभूल में बारवी वॉटर



प्यूरिफिकेशन सेंटर से पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद कर देगा।

शुक्रवार को पानी की सप्लाई बंद होने के बाद, अगले दिन कम प्रेशर पर पानी की सप्लाई होने की संभावना है। इसलिए, MIDC के कार्यकारी अभियंता आर. जी. राठौड़ ने नागरिकों और बिजनेसमैन से पानी स्टोर करने और उसका कम इस्तेमाल करने की अपील की है।

# अंबरनाथ पाइपलाइन महामार्ग पर टेम्पो पलटा

**कल्याण.** डोंबिवली-अंबरनाथ पाइपलाइन महामार्ग पर बुधवार, 6 मई 2026 की सुबह एक भीषण हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा नेवाली नाका और डावलपाडा के बीच हुआ। हादसा सुबह लगभग 7:00 बजे हुआ। खोनी फाटा की ओर से आ रहे टेम्पो चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे टेम्पो सड़क पर ही पलट गया।



इस दुर्घटना के कारण महामार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे काम पर जाने वाले नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थितिः मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने यातायात को सुचारू करने के प्रयास शुरू कर दिए थे.

## रिक्शा ड्राइवर ने पुलिस पर हमला किया

**उल्हासनगर.** सेंट्रल पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल गणेश पटोले गिरफ्तार आरोपियों को ऑफिसर के साथ गाड़ी में ले जा रहे थे। चूंकि सड़क खुदाई के कारण रिक्शा वन-वे ट्रैफिक में रुकावट डाल रहा था, इसलिए वह उन्हें समझाने के लिए नीचे उतर गए। उस समय रिक्शा ड्राइवर ने पुलिस के साथ मारपीट की।

कांस्टेबल पटोले सेंट्रल पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार आरोपियों को अंमलदार के साथ कोर्ट ले जा रहे थे। उस समय सड़क खुदी होने की वजह से ट्रैफिक जाम था और एक तरफ का ट्रैफिक धीरे-धीरे चल रहा था। पटोले ने सड़क रोक रहे रिक्शा ड्राइवर राजन सुनील पुरी को समझाया। इसके बावजूद पुरी ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। सेंट्रल पुलिस जांच कर रही है।

# दवाइयों की आड़ में शराब की तस्करी

- 1.66 करोड़ रुपये का माल ज़ब्त, दो गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे में दवाइयों के नकली इनवॉइस के आधार पर दूसरे राज्य से शराब की तस्करी का मामला सामने आया है। स्टेट एक्साइज डिपार्टमेंट के फ्लाइंग स्क्वॉड ने करीब 1.66 करोड़ रुपये का माल ज़ब्त किया है और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दोनों ड्राइवर परगट सिंह करतार सिंह और अमृतबीर सिंह हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई स्टेट एक्साइज डिपार्टमेंट को मिली सीक्रेट जानकारी के आधार पर की गई है। अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि दूसरे राज्य यानी गोवा में बनी विदेशी शराब को नकली कागज़ात की मदद से दवाइयों की आड़ में ले जाया जा रहा है। इसी के तहत टीम ने 5 मई को मुंबई नासिक रोड पर खारेगांव टोल नाका से माजीवाड़ा रोड इलाके में जाल बिछाया था।

शाम करीब 6.30 बजे एक सफेद कंटेनर (नंबर MP 09 GG 7930) की जांच की गई। इस जांच के दौरान गाड़ी में एक बॉक्स मिला। जब इस



बॉक्स को खोला गया तो उसमें रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की की 180 ml की बड़ी मात्रा में बोतलें मिलीं। विदेशी शराब स्क्वॉड ने कुल 1450 बॉक्स (12528 लीटर) जब्त किए। साथ ही, संबंधित कंटेनरों सहित कुल 1,66,11,500 रुपये का सामान जब्त किया गया है। इस मामले में स्टेट एक्साइज डिपार्टमेंट ने केस दर्ज कर ड्राइवर परगट सिंह करतार सिंह और अमृतबीर सिंह हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

राज्य उत्पादन शुल्क विभाग (ठाणे-1) के अधीक्षक प्रवीण तांबे, प्रभारी उप अधीक्षक (ठाणे-1) आनंद पवार और उप अधीक्षक (ठाणे-1) रत्नमाला गायकवाड़ के मार्गदर्शन में निरीक्षक एम.पी. धनखेड़े, द्वितीय निरीक्षक एन.आर. महाले, एस.आर. मिसाल, सहायक उपनिरीक्षक वी.जी. थोरात, साथ ही पी.एस. नागरे, पी.पी. महाजन, डी.के. पाटिल, एस.एस. यादव, पी.पी. पाटिल, एम.जी. शेख आदि अधिकारी और कर्मचारियों ने यह कार्रवाई की है और यह संभावना जताई जा रही है कि इस मामले के पीछे एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश होगा।

# कर्जत लोकल ट्रेन बदलापुर में 3 कोच पीछे रुकेगी

- छत बनाने के काम की वजह से रेलवे प्रशासन ने किया परिवर्तन

**बदलापुर.** बदलापुर रेलवे स्टेशन पर कर्जत की ओर जाने वाली लोकल ट्रेनों के स्टॉप में बड़ा बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन ने यह फैसला यात्रियों की सुविधा के लिए लिया है क्योंकि प्लेटफॉर्म नंबर दो पर लंबे समय से रुका हुआ नया शेड बनाने का काम आखिरकार शुरू हो रहा है। इस काम के दौरान यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए EMU हॉल्ट यानी लोकल ट्रेन मुंबई जाने वाले छोर पर रुकेगी। इस वजह से कर्जत की ओर जाने वाली लोकल ट्रेन अब अपने तय स्टॉप से तीन कोच पीछे रुकेगी। रेलवे प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे बदले हुए स्टॉप पर सही जगह पर खड़े होकर लोकल पकड़ें।

मुंबई रेलवे डेवलपमेंट अथॉरिटी के ज़रिए बदलापुर रेलवे स्टेशन की सूरत बदली जा रही है। स्टेशन में नए पैदल चलने वालों के लिए पुल और ऑटोमैटिक एस्केलेटर लगाए गए हैं। प्लेटफॉर्म एक और दो को अलग कर दिया गया है। इसके साथ ही प्लेटफार्म एक और दो पर मिलकर डेक बनाने का काम किया जा रहा है। कर्जत की तरफ बने पैदल पुल से लेकर प्लेटफार्म पर बने डेक तक छत बनाई जाएगी। कई सालों की मांग पूरी होने से यात्रियों में खुशी का माहौल है।

हालांकि, इस काम के लिए अब कर्जत जाने वाली लोकल का स्टॉप बदला जाएगा। अभी कर्जत जाने वाली लोकल कर्जत की तरफ प्लेटफार्म के आखिर में रुकती है। लेकिन, अब छत बनाने के काम के लिए लोकल का स्टॉप बदला जाएगा। रेलवे प्रशासन की तरफ से लिए गए फैसले के मुताबिक कर्जत और खोपोली जाने वाली लोकल अब प्लेटफार्म नंबर दो पर तीन कोच पीछे रुकेगी। यह लोकल मुंबई की तरफ प्लेटफार्म के आखिर में रुकेगी। इससे यात्रियों को तीन कोच पीछे रोककर लोकल पकड़नी पड़ेगी।

रेलवे प्रशासन ने मानसून से पहले छत बनाने का काम पूरा करने का वादा किया है। रेलवे स्टेशन मैनेजर ने यह भी बताया है कि काम पूरा होने के बाद लोकल स्टॉप को वापस उसकी असली जगह पर लाया जाएगा। साथ ही, प्रशासन ने साफ किया है कि मुंबई एंड पर शेड का काम भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## मासूम की मौत का जिम्मेदार कौन!

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इसके आस-पास के क्षेत्र में खुले नाले एवं पानी से भरे गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। हाल के दिनों में एक के बाद एक हादसों के बावजूद शासन-प्रशासन के स्तर पर एहतियाती उपायों को लेकर कोई गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं। इसी लापरवाही के कारण दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में पिछले दिनों खुले नाले में गिरने से एक मासूम बच्ची की जान चली गई।

इस मामले में सरकार की ओर से सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग में अनुबंध पर कार्यरत एक कनिष्ठ अभियंता को नौकरी से निकाल दिया गया। मगर सवाल है कि क्या निचले स्तर के कर्मियों पर इस तरह की कार्रवाई से व्यवस्था में सुधार हो पाएगा? इसमें दोराय नहीं कि नागरिकों की सुरक्षा और खासकर बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। मगर कर्तव्य में लापरवाही बरते जाने के मामलों में क्या संबंधित अधिकारियों की भी जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए! जब उच्चाधिकारी ही जन समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं देंगे, तो निचले कर्मियों से क्या उम्मीद की जा सकती है। यह अक्सर देखने में आता है कि इस तरह के मामलों में या तो जिम्मेदारी ठेकेदारों पर डाल दी जाती है या फिर कार्रवाई के नाम पर निचले कर्मचारियों को निलंबित कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। मुकुंदपुर की घटना में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। सवाल है कि इस क्षेत्र में खुले नाले को ऊपर से ढकने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ अनुबंध पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंता की ही थी, उच्च अधिकारियों का इससे कोई सरोकार नहीं था? सड़क पर खुदाई के बाद पानी से भरे गड्ढों और नालों को खुला छोड़ देने का जोखिम विभागीय अधिकारियों को नजर क्यों नहीं आता?

दिल्ली सरकार का कहना है कि इस तरह की घटनाओं में लापरवाही बरतने पर अब जवाबदेही तय होगी, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि जब तक संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद धुंधली ही रहेगी। सरकार को चाहिए कि जलभराव वाली जगहों और खुले नालों की पहचान कर उन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों की जान को किसी तरह का खतरा न हो।

विमर्श

# आत्ममंथन के बजाय आरोपों का सहारा

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बीच विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए का पूरा विमर्श पश्चिम बंगाल के इर्द-गिर्द सिमटता दिख रहा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर नतीजों को प्रभावित किया। ममता ने यहां तक कहा कि वे हार को 'साजिश' का परिणाम मानती हैं। उल्लेखनीय है कि 2014 के बाद से हुए कई चुनावों में विपक्षी दलों ने अपनी हार के कारणों का ठोस आत्ममंथन करने के बजाय आरोपों की राह अधिक चुनी है।

2014 में भाजपा की बड़ी जीत के बाद ईवीएम में गड़बड़ी का मुद्दा जोर-शोर से उठा, जो हर चुनावी हार के बाद समय-समय पर सामने आता रहा है। हालांकि 2017 में चुनाव आयोग द्वारा आयोजित 'ईवीएम चैलेंज' में कोई भी दल मशीनों में छेड़छाड़ का दावा साबित नहीं कर पाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वीवीपैट प्रणाली को और व्यापक रूप से लागू किया गया, लेकिन ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगते ही रहते हैं।

बंगाल में बात ईवीएम में गड़बड़ी के आरोपों से भी आगे निकल गई है। अब विपक्षी दलों का आरोप है कि निर्वाचन आयोग ने पहले गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआइआर के तहत लाखों मतदाताओं के वोट काटे और फिर चुनाव आयोग और केंद्रीय बलों ने भाजपा के इशारे पर काम करते हुए चुनावी गड़बड़ी की। यदि चुनाव प्रक्रिया इतनी व्यापक रूप से



प्रभावित की जा सकती थी, तो अन्य राज्यों तमिलनाडु या केरलम में अलग-अलग नतीजे कैसे आए? केरलम में तो कांग्रेस को प्रचंड जीत मिली है।

विपक्ष इस तथ्य को नकार देता है कि बंगाल में भाजपा की उपस्थिति कोई नई नहीं है। पहले जनसंघ और बाद में भाजपा वहां पैर जमाने की कोशिश सदैव करती रही। 2016 के विधानसभा चुनाव में उसे 10 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे, जो 2021 में बढ़कर 37.97 प्रतिशत हुए और अब 45.85 प्रतिशत। तृणमूल कांग्रेस के वोट 2021 के 48.02 प्रतिशत से घटकर 2024 में 40.80 प्रतिशत पर आ गए। 15 साल की एंटी इनकंबेंसी, भ्रष्टाचार के आरोप, मुस्लिम तुष्टीकरण के विरुद्ध हिंदू ध्रुवीकरण, महिलाओं की सुरक्षा और कांग्रेस, वाम दलों का तृणमूल के खिलाफ होना ममता की हार की वजहों में रहे।

चुनावी धांधली का आरोप नया नहीं है। तमाम प्रयासों के बावजूद चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह दोषमुक्त कभी नहीं रही। दिलचस्प है कि 1952 में जब पहला चुनाव हुआ था, तब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को 9 फरवरी 1952 को एक पत्र लिखा था, 'मुझे समय-समय पर चुनावों के संचालन के तरीके के बारे में विभिन्न शिकायतें प्राप्त होती रही हैं।...आज सुबह मुझे उत्तर प्रदेश के बारे में शिकायत मिली कि कई स्थानों पर मतदान पेटियों को बदल दिया गया या उनके साथ छेड़छाड़ की गई।' बाद के वर्षों में बिहार, तमिलनाडु, जैसे कई राज्यों में भी चुनावी गड़बड़ियां होती रहीं।

1995 में बिहार विधानसभा चुनाव के वक्त बूथ लूट और हिंसा रोकने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ने पहली बार कई चरणों में चुनाव कराए। राज्य में बड़े पैमाने पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी की गई। उस वक्त लालू यादव खुलकर टीएन शेषन के खिलाफ बोलते थे। बंगाल में चुनावी हिंसा की अति हो गई थी। 2014 के लोकसभा चुनाव के वक्त बंगाल में चुनावी हिंसा में सात मौतें और करीब 2,652 लोग घायल हुए। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान तो 300 से ज्यादा हिंसक घटनाओं में 58 मौतें हुईं।

इन हालात में केंद्रीय बलों की मौजूदगी ने अगर मतदाताओं को भयमुक्त होकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया तो इसे गलत कैसे कहा जा सकता है? क्या ये भी एक वजह नहीं है कि बंगाल में मतदान के पहले चरण में 93.19 और दूसरे चरण में 91.66 प्रतिशत वोट पड़े? इसमें कोई शक नहीं कि एसआइआर का क्रियान्यवन और बेहतर होना चाहिए था, पर विपक्षी दलों की एसआइआर पर ठीकरा फोड़ने की कोशिश सिर्फ एक नैरेटिव बनाने का ही दांव है, जिसका उन्हें लाभ कम और लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान अधिक है। बिहार में भी यही कोशिश हुई थी, जहां एसआइआर के बाद 65 लाख लोगों के नाम कटे थे, पर नाम जोड़ने के लिए औपचारिक आवेदन सैकड़ों में भी नहीं हुए।




हमारे अंदर एक ऐसा स्थान मौजूद है जहाँ हम इस दुनिया के दुखों-दर्दों से छुटकारा पा सकते हैं। हम यहाँ ध्यानाभ्यास के द्वारा जा सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# पंजाब में फिर लौट रहा खालिस्तानी आतंक?

पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां जिस तरह से बढ़ रही हैं, वह बड़े खतरे की ओर इशारा करती हैं। बीते दस दिनों के भीतर राज्य में तीन बम धमाकों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अब तक की जांच-पड़ताल के निष्कर्षों की जो तस्वीर सामने आई है, उससे इस बात के साफ संकेत मिलते हैं कि उग्रवाद का कठिन दौर झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सिर उठाने लगा है। जलंधर और अमृतसर में मंगलवार रात हुए दो सिलसिलेवार विस्फोटों ने राज्य की सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और खुफिया चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इन विस्फोटों की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों जगह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की गई। आतंक के इस तंत्र को लेकर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि विभिन्न समूहों से जुड़े ज्यादातर आतंकी किसी आम नागरिक की तरह समाज में घुल-मिलकर रहते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल होता है। मौका मिलने पर वे अपने आकाओं के निर्देश पर हमला करने के लिए सक्रिय हो जाते हैं।

गौरतलब है कि पंजाब के जलंधर में मंगलवार रात करीब आठ बजे सीमा



सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ। इसके बाद दूसरा धमाका रात करीब ग्यारह बजे अमृतसर में सैन्य छावनी के पास हुआ। जलंधर में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली है और पुलिस ने भी इसकी पुष्टि की है। इससे पहले पटियाला के शंभू इलाके में 27 अप्रैल को एक मालगाड़ी की पटरी पर विस्फोट हुआ था।

पुलिस ने इस सिलसिले में खालिस्तान समर्थक एक आतंकी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। ये घटनाएं खुफिया तंत्र की विफलता और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी की ओर इशारा करती हैं। राज्य पुलिस का मानना है कि इन आतंकी वारदातों के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। सीमा पार से खालिस्तान समर्थक आतंकी समूहों को प्रशिक्षण, विस्फोटक सामग्री और हथियार मुहैया कराए जा रहे हैं। मगर सवाल है कि सुरक्षा एजेंसियां इस तरह की गतिविधियों पर नियमित नजर रखने और किसी भी वारदात से पहले ही आतंकियों को धर-दबोचने में नाकाम क्यों हो रही हैं?

पुलिस के मुताबिक, अमृतसर में विस्फोट स्थल पर आईईडी के टुकड़े मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि यह या तो टाइम बम से किया गया विस्फोट था या फिर रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। ऐसे में सुरक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। अगर सुरक्षाबलों के परिसर में ही चौकसी के बंदोबस्त इतने कमजोर हैं कि कोई भी वहां विस्फोटक सामग्री रख सकता है, तो फिर अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का स्तर कैसा होगा, इसका अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है।

पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजेंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इसके करीब तीन माह बाद ग्रेनेड हमले की साजिश में दस संदिग्धों को पकड़ा गया। इससे स्पष्ट है कि उग्रवाद के खात्मे के बाद शांति और समृद्धि की राह पर लौटे इस राज्य में आतंक का खतरा फिर से बढ़ता जा रहा है। अगर समय रहते स्थिति को नहीं संभाला गया, तो निस्संदेह राज्य में हालात फिर से बिगड़ सकते हैं।

# जब महिला ने 30 साल बाद काटे नाखून

जरा हट के

सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो शेयर किया गया. वीडियो गिनीज बुक रिकाॅर्ड्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया. टेक्सास की रहने वाली अयाना विलियम्स, जिन्होंने 30 साल तक अपने नाखून नहीं काटे थे, आखिरकार 2021 में उन लंबे नाखूनों को कटवाने का फैसला किया. ये पल उनके लिए काफी मुश्किल थे.

अयाना के नाखून इतने बड़े थे कि नॉर्मल नेलकटर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता था. जब इलेक्ट्रिक आरी से उनके नाखून काटे गए तो वो खुद को रोक नहीं पाईं और फूट-फूटकर रो पड़ी.

अयाना विलियम्स ने साल 1991 से अपने नाखून बढ़ाना शुरू किया था. दिसंबर 2021 में जब उन्होंने इन्हें कटवाया तब उनके नाखूनों की कुल लंबाई लगभग 18 फीट 11 इंच (लगभग 5.76 मीटर) थी. वे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड



रिकॉर्ड्स में दुनिया की सबसे लंबी नाखूनों वाली महिला के रूप में दर्ज थी. वीडियो में देखा जा सकता है कि अयाना इलेक्ट्रिक आरी से नाखून कटवाते समय बेहद भावुक हो गई थी. दशकों तक इन नाखूनों को संभालकर रखने की मेहनत, उनसे जुड़ी यादें और अब उन्हें हमेशा के लिए अलविदा कहने का पल उनके लिए बहुत भावुक कर देने वाला था. उन्होंने बाद में बताया कि नाखून कटवाने का फैसला आसान नहीं था. 30 साल तक लंबे नाखून रखना कोई आसान काम नहीं था. अयाना को रोजमर्रा की जिंदगी में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था. कपड़े पहनना, खाना बनाना, सोना, ड्राइविंग करना– हर काम चुनौती भरा था. वे ज्यादातर समय अपने हाथों को खास तरीके से संभालकर रखती थी. नाखूनों को मोड़कर घुमाकर रखने के लिए उन्हें स्पेशल टेक्नीक अपनानी पड़ती थी. गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम ने पूरे इवेंट को रिकॉर्ड किया था.

नाखून कटवाने की प्रक्रिया में इलेक्ट्रिक आरी का इस्तेमाल किया गया क्योंकि नाखून इतने मोटे और सख्त हो चुके थे कि सामान्य कैंची या नाखून कटर उन पर असर नहीं कर सकता था. जब एक-एक करके नाखून कट रहे थे तो अयाना की आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे.

# करौंदे की चटनी

खाना-खजाना

**सामग्री :**

- ताजे करौंदे: 100 ग्राम
- हरी मिर्च: 3 से 4 (तीखापन आप अपने हिसाब से रख सकते हैं)
- लहसुन: 5-6 कलियां
- हरा धनिया: आधा कप (ताजा धुला हुआ)
- जीरा: आधा छोटा चम्मच
- नमक: स्वादानुसार
- सरसों का तेल: आधा चम्मच

**विधि :**

सबसे पहले करौंदों को पानी से अच्छी तरह धो लें। इन्हें बीच से काटें और अंदर के बीज निकालकर अलग कर दें। बीज निकाल देने से चटनी में कड़वापन नहीं आता और स्वाद एकदम चटक रहता है।

अब एक मिक्सी का जार या सिलबट्टा लें और उसमें कटे हुए करौंदे, हरी मिर्च, लहसुन की कलियां, हरा धनिया और जीरा डाल दें।

इसमें स्वादानुसार नमक मिलाएं और जरूरत के हिसाब से थोड़ा सा पानी (लगभग 1-2 चम्मच) डालकर इसे पीस लें। ध्यान रहे, चटनी का पेस्ट एकदम बारीक न



करें। इसे हल्का दरदरा पीसने से इसका असली देसी स्वाद उभर कर आता है।

चटनी पीसने के बाद इसे एक साफ कटोरी में निकाल लें। अगर आपको सरसों के तेल की खुशबू पसंद है, तो ऊपर से आधा चम्मच कच्चा सरसों का तेल मिला दें और अच्छे से चला लें। इससे चटनी का स्वाद दोगुना हो जाता है।

बस, आपकी खट्टी, तीखी और चटाकेदार करौंदे की चटनी बिल्कुल तैयार है। अब सामने चाहे दाल-चावल हो, सादा पराठा हो या फिर कोई बिना मन की बनी सब्जी, इस चटनी को अपनी थाली में परोस कर देखिए। यकीन मानिए, घर के सभी सदस्य उंगलियां चाटते रह जाएंगे और मिनटों में आपकी पूरी थाली साफ हो जाएगी।

# बंगाल चुनाव में खूब हुई 'झालमुड़ी' की चर्चा!

## आखिर क्या है ये स्ट्रीट फूड जिसके PM मोदी भी हैं मुरीद

उल्हासनगर की सड़कों पर आपको ढेरों मशहूर स्ट्रीट फूड मिल जाएंगे, लेकिन जब बात किसी ऐसे स्नैक की आती है जो पेट के लिए हल्का भी हो और स्वाद में एकदम धमाकेदार भी, तो पश्चिम बंगाल की 'झालमुड़ी' का कोई मुकाबला नहीं है। हाल ही में, बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसका स्वाद चखा, तो इस चटपटे स्ट्रीट फूड की चर्चा और तेज हो गई थी। अब जब बंगाल चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं, तो राज्य की सियासत के साथ-साथ यह मशहूर 'झालमुड़ी' भी एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। आइए जानते हैं इस मसालेदार स्नैक में आखिर




क्या खास बात है।

### नाम में ही छिपा है स्वाद का असली राज

इस स्वादिष्ट डिश की पूरी कहानी इसके बंगाली नाम में ही मिल जाती है। बंगाली भाषा में 'झाल' का मतलब होता है 'तीखा' और 'मुड़ी' का अर्थ है 'मुरमुरा'। जब साधारण मुरमुरे में तीखी हरी मिर्च, बारीक कटे हुए प्याज, चटपटे मसाले, कुछ कुरकुरी चीजें और सबसे अहम- कच्ची घानी के सरसों के तेल की धार मिलाई जाती है, तब जाकर तैयार होती है यह स्पाइसी पफ्ड राइस यानी 'झालमुड़ी'।

### कैसे तैयार होता है यह चटपटा स्ट्रीट फूड?

**इसे बनाने की विधि बहुत ही आसान है:**

इसमें साधारण सफेद मुरमुरे की जगह नमकीन मुरमुरे का इस्तेमाल होता है। इसके साथ ही अंकुरित मूंग और चना, चने वाली नमकीन, भुनी हुई मूंगफली, बारीक कटा प्याज, अदरक, और कुटी हुई लाल व हरी मिर्च डाली जाती है।

इस डिश की जान है कच्चा सरसों का तेल (अक्सर अचार का तेल) और सरसों की तीखी चटनी। यह तेल इसे एक ऐसी खुशबू देता है जो सीधे दिल को छू जाती है। इसे प्लेट में परोसते समय ऊपर से सादी बेसन की बारीक भुजिया डाली जाती है। कुछ जगहों पर इसमें तले हुए पापड़, प्याज के बेसन वाले पकौड़े और काले चने के छोले भी मिलाए जाते हैं। आप इसे अपनी पसंद के अनुसार भी बनवा सकते हैं-चाहे आपको तीखा ज्यादा चाहिए, प्याज कम चाहिए या फिर इसमें नारियल डलवाना हो।

### भेलपुरी से कैसे अलग है झालमुड़ी?

अगर आप मुंबई में रहते हैं, तो आपने 'भेलपुरी' जरूर खाई होगी। झालमुड़ी देखने में बिल्कुल भेलपुरी जैसी ही लगती है। लेकिन, इन दोनों के स्वाद में एक बड़ा और साफ अंतर है। भेलपुरी खाते समय आपको उसमें एक हल्की-सी मिठास महसूस होगी, जबकि झालमुड़ी अपने नाम की ही तरह पूरी तरह से चटपटी, तीखी और मसालेदार होती है।

### सस्ती, सुलभ और सबकी पसंदीदा

इस डिश को बनाने में न तो ज्यादा वक्त लगता है और न ही यह जेब पर भारी पड़ती है। हर वर्ग का व्यक्ति इसे आसानी से खरीद कर खा सकता है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ यह बाहर से आने वाले पर्यटकों को भी बहुत पसंद आती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है।

**वृषभ** : नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रयास करें। कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी।

**मिथुन** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। कर्ज की रकम चुका पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। आलस्य न करें। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क** : व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा। प्रसन्नता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। वाणी पर संयम रखें। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**सिंह** : व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है।

**कन्या** : निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। मनोरंजन का वक्त मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**तुला** : व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। शत्रुओं का पराभव होगा। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक** : प्रसन्नता रहेगी। भाग्य अनुकूल है। लाभ लें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा। प्रमाद न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** : लाभ होगा। लाभ में कमी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आलस्य न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें।

**मकर** : व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। किसी अपने का व्यवहार दु:ख पहुंचाएगा। कानूनी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** : प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रमाद न करें। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है।

**मीन** : रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा। थकान महसूस हो सकती है। आलस्य हावी रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# आचमन करने की सही विधि

हिंदू धर्म में पूजा पाठ के प्रारंभ से पूर्व स्वयं को शुद्ध करने की प्रक्रिया को आचमन कहा जाता है. प्रत्यके कार्य में आचमन करने का विधान है. मंत्रों की मदद से आचमन किया जाता है. शास्त्रों के अनुसार, जब हम आचमन करते हैं तो इससे स्वयं की शुद्धि तो होती ही है, जगत के रचनाकार ब्रह्माजी से लेकर इस धरती के तृण यानि घास तक को तृप्त कर देते हैं. जो व्यक्ति आचमन नहीं करता है, उसके किए गए सभी मांगलिक कार्य या पूजा पाठ व्यर्थ हो जाते हैं. इस वजह से शौच के बाद भी आचमन करने का विधान बताया गया है.

## आचमन की सही विधि

- व्यक्ति को लांग लगाकर, अपनी शिखा बांधकर, उपवीत होकर और बैठकर तीन बार आचमन करना चाहिए.
- लांग लगाने का अर्थ है कि जब आप धोती पहनें तो उसके एक हिस्से को दोनों पैरों के बीच से ले जाकर पीछे कमर में खोंस लें. उपवीत का मतलब है कि आप अपने जनेऊ को बाएं कंधे के ऊपर और दाहिने हाथ के नीचे धारण करें.
- आचमन के लिए व्यक्ति को पूर्व दिशा, उत्तर या ईशान कोण की ओर मुख करके बैठना चाहिए. अपने हाथ को दोनों घुटनों के भीतर रखना चाहिए. आचमन के समय में व्यक्ति का मुख दक्षिण या पश्चिम में नहीं होना चाहिए.
- शास्त्रों के अनुसार, आचमन के लिए इतना जल लें कि वह आपके कंठ या जीभ तक पहुंच जाए.
- आचमन में अपनी हथेली को मोड़कर गाय के कान की तरह बना लें. अंगूठे और कनिष्ठा अंगुली को अलग कर लें. बाकी अंगुलियों को आपस में सटाकर हम तीर्थ से मंत्र



बोलते हुए आचमन करें. हथेली में अंगूठे का प्रारंभ जहां से होता है, उसे ब्रह्मतीर्थ स्थान कहा जाता है.

- आचमन करते समय आवाज नहीं होनी चाहिए. आचमन के समय में आप अपने बाए हाथ की तर्जनी से दाएं हाथ के जल को छूते हैं तो सोमपान का फल मिलता है.
- आचमन के समय आपको ओम केशवाय नमः, ओम नारायणाय नमः, ओम माधवाय नमः मंत्र का उच्चारण करना चाहिए.
- आचमन के बाद अंगूठे के मूल भाग से अपने होठों को दो बार पोंछ लें. फिर ओम हृषीकेशाय नमः मंत्र का उच्चारण करके हाथ धो लें. उसके बाद अंगूठे से नाक, आंख और कान को स्पर्श करें.
- आप बैठकर आचमन करने के अलावा अपने घुटने से ऊपर जल में खड़े होकर भी आचमन कर सकते हैं.

# ब्लैकहेड्स हटाने का घरेलू उपाय



नाक पर जमा ब्लैकहेड्स चेहरे की साफ-सुथरी लुक को खराब कर सकते हैं. अच्छी बात यह है कि आप घर पर ही कुछ आसान और किफायती तरीकों से इनसे छुटकारा पा सकते हैं. घर की रसोई में मौजूद साधारण चीजें जैसे हल्दी, नींबू, बेकिंग सोडा और पुदीना स्किन की गहराई से सफाई करने में मदद करती हैं. इनसे बने फेस मास्क ब्लैकहेड्स को कम करने के साथ-साथ त्वचा को साफ और फ्रेश भी बनाते हैं. हालांकि अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो किसी भी मास्क को लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें.

## घरेलू उपाय

### हल्दी और पुदीना मास्क

यह मास्क त्वचा को ठंडक देता है और अतिरिक्त तेल को कंट्रोल करता है. 1 चम्मच हल्दी में 2 चम्मच पुदीने का रस मिलाकर पेस्ट तैयार करें. इसे ब्लैकहेड्स वाली जगह पर लगाएं और 10–15 मिनट बाद धो लें. हफ्ते में एक बार इसका इस्तेमाल करने से पोर्स साफ रहते हैं और सूजन भी कम होती है.

### बेकिंग सोडा और एप्पल साइडर विनेगर मास्क

यह मास्क स्क्रब की तरह काम करता है और त्वचा की गंदगी हटाता है. 2 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर में 2 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर पेस्ट बनाएं. इसे प्रभावित हिस्से पर लगाकर 15–20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें. इसके बाद त्वचा को मॉइस्चराइज करना जरूरी है. इस मास्क का इस्तेमाल हफ्ते में एक बार से ज्यादा न करें.

### नींबू और दालचीनी मास्क

यह मास्क हल्के एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है और स्किन को निखार देता है. 1 चम्मच दालचीनी पाउडर में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं और चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं. 15–20 मिनट बाद धो लें. इससे ब्लैकहेड्स कम होते हैं और त्वचा में चमक आती है.

सेहत, रिलेशनशिप, लाइफ या धर्म-ज्योतिष से जुड़ी है कोई निजी उलझन तो हमें करें WhatsApp, आपका नाम गोपनीय रखकर देंगे जानकारी.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### ट्रिपलिंग पड़ी जान पर भारी; बाइक से घर लौट रहे 3 भाइयों की सड़क हादसे में मौत

**उन्नाव.** उन्नाव के सदर कोतवाली क्षेत्र के खटाई गांव निवासी 32 वर्षीय पिंटू और 30 वर्षीय सुशील सगे भाई थे। दोनों मंगलवार को गांव के चचेरे भाई 28 वर्षीय बब्लू के साथ बाइक से एक बारात गए थे। देर रात तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक गौरा मोड़ के पास पहुंची तभी एक वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में सामने से आए लोडर से बाइक भिड़ गई। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### लखनऊ रेल रूट पर किन्नरों का आतंक; पैसे नहीं देने पर मारपीट, लेडी गैंग भी एक्टिव

**लखनऊ.** लखनऊ से गुजरने वाली ट्रेनों की जनरल और स्लीपर बोगियों में यात्री किन्नरों की वसूली से त्रस्त हैं। यात्रियों का कहना है कि 'किन्नर' यार्ड के पास से ट्रेन पर चढ़ते हैं और धमका कर वसूली करते हैं। पड़ताल में सामने आया कि इनमें ज्यादातर 'नकली किन्नर' हैं। ट्रेनों में किन्नरों का वसूली पर जोर एक खास वर्ग के यात्रियों पर ज्यादा रहता है। ये वो यात्री होते हैं कि दूसरे प्रदेशों से कमा कर लौट रहे होते हैं। इनसे वसूली के लिए किन्नर सारी हदें पार कर जाते हैं। पैसे न देने पर पहले तो उनसे अभद्रता करते हैं, फिर धमकाते हैं। मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर फॉर्च्यूनर-एंबुलेंस की भिड़ंत, एक की मौत, दस घायल

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 143.400 के पास एक फॉर्च्यूनर कार और विपरीत दिशा से आ रही एंबुलेंस की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एंबुलेंस सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि फॉर्च्यूनर में सवार दस लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गाजीपुर से लखनऊ जा रही फॉर्च्यूनर कार में सवार लोग माइलस्टोन 143.400 पर पहुंचे थे, तभी विपरीत दिशा से पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाने जा रही एक निजी एंबुलेंस से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एंबुलेंस में सवार भोलू प्रकाश(36) पुत्र जयनाथ निवासी, ग्राम तजहा थाना सराय लखन, जिला मऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कोरल कंपनी की एंबुलेंस से वीरसिंहपुर अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार चाची-भतीजा की मौत

**सीतापुर.** सीतापुर में रामपुर कला इलाके में गुरुवार को तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में चाची-भतीजा की मौत हो गई। हादसे के समय दोनों लखनऊ में भर्ती रिश्तेदार को देखने अस्पताल जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामपुर कला के लोना निवासी विशाल पाण्डेय (19)अपनी चाची ज्ञाना देवी (60) के साथ गुरुवार को बाइक से जरूरी काम से जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे वह बिसवां महमूदाबाद रोड पर सिकंदराबाद के पास पहुंचे ही थे तभी तभी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार चाची-भतीजा उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में चाची- भतीजा गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

# बिहार में सम्राट चौधरी कैबिनेट का विस्तार

- **32 नए मंत्रियों को दिलाई गई शपथ**

**पटना.** बिहार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। पटना के गांधी मैदान में पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व सीएम नीतीश कुमार, बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन की मौजूदगी में भाजपा, जदयू, लोजपा-आर, हम और रालोमो के कुल 32 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इसके साथ ही सम्राट चौधरी की सरकार में दोनों डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव और नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को लेकर मंत्रियों की कुल संख्या 35 हो गई है। बिहार में सीएम




समेत 36 मंत्री बन सकते हैं। भाजपा ने अपने कोटे के सभी 16 मंत्रियों के पद भर लिए हैं। जदयू ने 15 मंत्री बनाकर 1 पद आगे के लिए खाली रखा है। 32 नए मंत्रियों में 19 नीतीश की पिछली सरकार में भी मिनिस्टर बने थे। बचे 13 में ज्यादातर पहली बार मंत्री बने हैं, जबकि कुछ नेता एक अंतराल के बाद सरकार में लौटे हैं।

सम्राट चौधरी की कैबिनेट में नीतीश कुमार की पिछली सरकार से ज्यादातर मंत्री फिर से जगह पा गए हैं, लेकिन भाजपा ने कई नए चेहरों को जगह दी है। भाजपा ने पार्टी के बड़े नेता मंगल पांडेय, सुरेंद्र मेहता और नारायण प्रसाद को फिर से मंत्री नहीं बनाया है। भाजपा कोटे से नीतीश मिश्रा और केदार गुप्ता ने एक पारी ब्रेक के बाद कैबिनेट में वापसी की है।

### 3-3 मंत्रियों के साथ मधुबनी और वैशाली आगे, 7 जिलों से 2-2 मंत्री, 14 जिलों को जीरो

सम्राट कैबिनेट में बिहार के 38 जिलों में 14 जिलों से कोई मंत्री नहीं बन सका। सीएम सम्राट समेत 35 मंत्रियों में 3-3 मिनिस्टर के साथ मधुबनी और वैशाली का दबदबा है। मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा, नालंदा, भोजपुर, गोपालगंज और जमुई जिले से 2-2 नेता मंत्री बनाए गए हैं। जमुई से एक ही गांव के पड़ोसी दामोदर रावत और श्रेयसी सिंह मंत्री बने हैं। 1 मंत्री पाने वाले 15 जिलों में सम्राट के गृह जिला मुंगेर के अलावा पटना, समस्तीपुर, सुपौल, लखीसराय, किशनगंज, जहानाबाद, पश्चिम चंपारण, शेखपुरा, पूर्णिया, कैमूर, सहरसा, शिवहर, बेगूसराय और गया शामिल हैं। नीतीश सरकार में 15 जिलों को मंत्री नहीं मिल पाया था।

बीजेपी ने मिथिलेश तिवारी, रामचंद्र प्रसाद, नंदकिशोर राम और इंजीनियर शैलेंद्र को पहली बार मंत्री बनाया है। जदयू कोटे से नीतीश के बेटे निशांत कुमार के अलावा बुलो मंडल और श्वेता गुप्ता पहली बार मंत्री बने हैं। जदयू ने पहले कभी मंत्री रहे भगवान सिंह कुशवाहा और दामोदर रावत को एक बार फिर मौका दिया है। लोजपा-आर, हम और रालोमो ने अपने पुराने मंत्रियों संजय पासवान, संजय सिंह, संतोष कुमार सुमन और दीपक प्रकाश कुशवाहा को दोबारा सरकार में भेजा है।

### सरकार में राजपूत मंत्री सबसे ज्यादा

सम्राट कैबिनेट में ओबीसी, ईबीसी, सवर्ण, दलित और महादलित का संतुलन बिठाने की कोशिश की गई है। राजपूत जाति के सबसे ज्यादा 4 नेता मंत्री बने हैं। नीतीश की पिछली सरकार में भी 4 ठाकुर मंत्री बनाए गए थे। राजपूतों के बाद कोइरी और भूमिहार के 3-3 मंत्री बने हैं। सम्राट चौधरी समेत कोइरी जाति से 3 कुशवाहा नेता मंत्री बने हैं। विजय चौधरी समेत 3 भूमिहार मंत्री बने हैं। 2-2 मंत्रियों वाली जातियों में यादव, ब्राह्मण, सूड़ी, कुर्मी, धानुक, निषाद, दुसाध, मुसहर और रविदास हैं। 1-1 मंत्री वाली जातियों में कानू, कलवार, कहार, पासी, तेली और गंगोता बिरादरी है। 1 मुसलमान मंत्री भी बनाए गए हैं।

# बंगाल में सुवेंदु के PA की हत्या, 3 हिरासत में






- **2 गोलियां सीने के पार**
- **मां बोलीं- ममता की हार का बदला बेटे से लिया**

पश्चिम बंगाल के BJP नेता सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है। इन्हें कहां से पकड़ा गया, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

चंद्रनाथ रथ की मां ने कहा कि सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया, इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पहले चंद्रनाथ को 4 गोलियां लगने की खबर आई थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। भाजपा का आरोप है कि रथ की हत्या की साजिश TMC ने ही रची थी।

चंद्रनाथ की हत्या बुधवार देर रात 10.30 बजे की गई थी। वे कोलकाता से मध्यमग्राम अपने घर लौट रहे थे। कोलकाता से करीब 20 km दूर डोलतला में एक कार रथ की स्कॉर्पियो के सामने खड़ी हो गई। इसी बीच बाइक पर आए हमलावरों ने 6 से 10 राउंड फायरिंग की। दो गोलियां चंद्रनाथ के सीने से आर-पार हो गईं। एक गोली पेट में लगी। उनके ड्राइवर बुद्धदेब बेरा को भी गोली लगी।

हत्या के बाद हमलावर कार छोड़कर बाइक से फरार हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चंद्रनाथ को मृत घोषित कर दिया। उनके ड्राइवर का इलाज जारी है।

### ग्लॉक 47X पिस्टल से फायरिंग, बिना नंबर प्लेट बाइक

- फोरेंसिक जांच के शुरुआती इनपुट के मुताबिक, हमलावरों ने ग्लॉक 47X पिस्टल का इस्तेमाल किया था। इस मॉडर्न हथियार का इस्तेमाल आम अपराधी नहीं करते। ऐसे हमले को कोई प्रोफेशनल शूटर ही अंजाम दे सकता है।
- बाइक सवार हमलावर हेलमेट पहने हुए था और बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस ने मौके से वह कार जब्त की है, जिससे स्कॉर्पियो का रास्ता रोका गया था। हालांकि, उस पर लगी नंबर प्लेट फर्जी निकली।
- चंद्रनाथ रथ पर फायरिंग के करीब 1 घंटे बाद रात करीब 12.30 बजे बशीरहाट जिले में रोहित रॉय नाम के भाजपा कार्यकर्ता पर फायरिंग हुई। उनकी हालत गंभीर है। राज्य में 4 मई को चुनावी नतीजों के बाद अब तक 5 लोगों की हत्या हो चुकी है। इनमें 3 भाजपा और 2 TMC से जुड़े थे।

# 9वीं मंजिल से कैश भरे बैग फेंके

- **मोहाली में IT कारोबारी पर ED रेड**
- **विपक्ष का दावा- CM के OSD का करीबी**
- **मान बोले- हमारा कोई संबंध नहीं**

**मोहाली.** मोहाली के खरड़ में वेस्टर्न टावर्स सोसाइटी में आज इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ED) की टीम ने आईटी सेक्टर में काम करने वाले एक व्यक्ति के घर पर दबिश दी। टीम को आता देख किसी ने रिहायशी टावर की नौवीं मंजिल से कैश से भरे बैग नीचे फेंक दिए।

इनमें से एक बैग नीचे गिरते ही फट गया और उससे नोट निकलकर बाहर फैल गए। हालांकि, दूसरा बैग ठीक रहा, जिसे वहां पहले से गाड़ी के साथ खड़ा एक व्यक्ति मौका देखकर बैग को उठाकर भाग गया। टीम ने



उसका पीछा किया, लेकिन उसे पकड़ नहीं पाई। दूसरा बैग टीम ने जब्त कर लिया, जिसमें लगभग 21 लाख रुपये कैश मिला।

टीम को बैग से 500-500 के नोटों की गड्डियां मिली हैं। फ्लैट में मौजूद व्यक्ति ने इन्हें लाल रंग के बैग में भरा और उस बैग को सफेद रंग के एक बैग में भरा और नीचे फेंका। इसके बाद भी बैग नीचे गिरते ही फट गया और नोटों की गड्डियां जमीन पर बिखर गईं।

मामले की जांच चल रही है। अभी तक अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

# गवर्नर बोले-विजय 118 विधायकों का समर्थन दिखाएं, तभी शपथ

- **TVK के पास 113 विधायक**
- **AIADMK ने 28 विधायकों को पुडुचेरी शिफ्ट किया**

**चेन्नई.** तमिलनाडु में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली TVK के लिए सरकार गठन करना मुश्किल होता दिख रहा है। पार्टी चीफ और एक्टर विजय गुरुवार को लगातार दूसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिलने लोकभवन पहुंचे। करीब एक घंटे बाद वहां से रवाना हुए।

राज्यपाल ने उनसे कहा है कि वे राज्य में स्थिर सरकार चाहते हैं। इसलिए सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले 118 विधायक होने



जरूरी हैं। अब सूत्रों ने बताया है कि विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ तभी ले सकेंगे, जब राज्यपाल को 118 विधायकों का समर्थन दिखाएंगे।

इस बीच AIADMK ने 28 विधायक पुडुचेरी के रिसॉर्ट भेजा दिया है। 234 सदस्यीय विधानसभा में TVK के पास 108 सीटें हैं। विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए TVK को 11 और विधायक चाहिए। कांग्रेस के 5 विधायकों ने उन्हें समर्थन दिया है।

### DMK और AIADMK के बीच गठबंधन की चर्चा

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक-दूसरे की प्रतिद्वंदी DMK और AIADMK के बीच भी सरकार गठन को लेकर चर्चा चल रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों दलों के नेताओं के बीच बैकचैनल बातचीत चल रही है। सूत्रों का कहना है कि एक प्रस्ताव पर चर्चा हुई है, जिसमें AIADMK सरकार बनाए और DMK बाहर से समर्थन दे। छोटे दलों का समर्थन भी इस फॉर्मूले का हिस्सा हो सकता है। हालांकि अभी तक कोई औपचारिक फैसला नहीं लिया गया है।

**ऑपरेशन सिंदूर का एक साल**

# सेना बोली - आतंकवाद से लड़ते रहेंगे

- **एयर मार्शल अवधेश भारती ने कहा- सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा हमला दोबारा न हो**

**नई दिल्ली.** ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। सेना ने यह भी कहा कि यह अभियान अंत नहीं, बल्कि शुरुआत थी। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ता रहेगा। गुरुवार को भारतीय वायुसेना, नौसेना और थलसेना के सैन्य अभियानों के प्रमुख जयपुर के साउथ वेस्टर्न कमांड में जुटे। यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सैन्य अभियान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस अभियान को पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ पिछले कई दशकों में भारत का सबसे व्यापक सैन्य अभियान बताया गया।

पहलगाम हमले में मारे गए हमारे




भाई-बहनों को हम वापस नहीं ला सकते, लेकिन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि ऐसा हमला दोबारा न हो। हमारा ऑब्जेक्टिव क्लियर था और ऑपरेशन के लिए पूरी छूट दी गई थी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, एयर मार्शल अवधेश कुमार और वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद सहित सेना के कई अधिकारी मौजूद रहे।

जुबिन ए मिनवाला इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के डिप्टी चीफ (ऑपरेशन) राजीव घई डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन और डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, एयर मार्शल अवधेश कुमार डायरेक्ट जनरल एयर ऑपरेशन और वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद डायरेक्टर जनरल नेवल ऑपरेशन हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना की तरफ से इन तीन ऑफिसर ने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

# भारत- पहली बार 50 हजार जवानों की अलग ड्रोन फोर्स

- **BSF और ITBP में भी बनेंगी, किसी भी सैन्य हमले में सबसे पहले यही प्रहार करेंगी**

ऑपरेशन सिंदूर, रूस-यूक्रेन और अमेरिका-इजराइल-ईरान जंग के बाद भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान ने एक 'ड्रोन फोर्स' बनाने का फैसला किया है। यह फोर्स किसी भी सैन्य कार्रवाई में 'फर्स्ट रेस्पोंडर' (पहली जवाबी कार्रवाई) के तौर पर तैनात की जाएगी। इसे डेटा और कॉग्निटिव वारफेयर फोर्स का तकनीकी का सपोर्ट होगा।

इंटीग्रेटेड रक्षा मुख्यालय के अनुसार इस फोर्स के लिए अभी 50 हजार सैन्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अगले 3 साल में 15 नए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जाएंगे। यहां सिम्युलेटर और वर्चुअल रियलिटी के जरिए रीयल-टाइम बैटल ट्रेनिंग दी जाएगी।



भविष्य में BSF और ITBP जैसे सुरक्षा बलों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। यह फोर्स इंटेलिजेंस, सर्विलांस और सटीक प्रहार की दोहरी भूमिका निभाएगी। इस तंत्र को वायुसेना के इंटीग्रेटेड एयर कमांड और सेना के 'आकाशतीर' सिस्टम का कवच मिलेगा।

डिफेंस ईकोसिस्टम भी नया, तीनों सेनाएं एकऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत ने खुद को रक्षा उत्पादन में काफी मजबूत किया है। यह 1.54 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। तीनों सेनाओं की थिएटर कमान बन रही है। दुश्मन के सस्ते ड्रोन्स से निपटने के लिए अब किफायती 'सॉफ्ट किल' (जैमिंग/स्पूफिंग) और 'हार्ड किल' (लेजर-आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

ड्रोन फोर्स का विचार पिछले साल तब आया, जब पाकिस्तान ने 1,000 ड्रोन्स से हमला किया। उसका मकसद हमारे एयर डिफेंस गैप्स को समझना और महंगे मिसाइल डिफेंस सिस्टम को सस्ते ड्रोन्स के जरिए आर्थिक नुकसान पहुंचाना था।

### हर फौजी के पास होगा अपना ड्रोन

सेना की योजना इस ड्रोन फोर्स के हर जवान को ड्रोन चलाने की बेसिक ट्रेनिंग देने की है। लक्ष्य यह है कि युद्ध के मैदान में हर फौजी के पास अपना ड्रोन हो। इसके अलावा, सेना की प्रत्येक कोर में 8,000 ड्रोन्स शामिल करने की योजना है, जिससे एक लाख ड्रोन्स की विशाल शक्ति तैयार होगी।

**आर्ट ऑफ लिविंग के 45 साल**

# 10 मई को कार्यक्रम में PM मोदी शामिल होंगे

'आर्ट ऑफ लिविंग' 10 मई को स्थापना के 45 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इसके संस्थापक गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर 13 मई को 70वां जन्मदिवस मनाएंगे। इन दो आयोजनों के ऐतिहासिक संयोग पर बेंगलुरु में महाआयोजन होने जा रहा है। वैश्विक समागम में 182 से अधिक देशों के प्रतिभागी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित होंगे। 10 मई से शुरू हो रहे आयोजन 26 मई तक चलेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके साक्षी बनेंगे। वे 10 मई को आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और शुभकामनाएं देंगे।

पीएम मेडिटेशन हॉल 'ध्यान मंदिर' का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मेंटल हेल्थ, रूरल डेवलपमेंट, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन से जुड़ी राष्ट्रव्यापी सेवा



पहलों का भी शुभारंभ करेंगे।

13 मई को श्रीश्री रवि शंकर के जन्मदिन पर 'विश्व शांति के लिए वैश्विक ध्यान' होगा। विश्वभर में लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

182 देशों की संस्कृतियों को पेश करते हुए संगीत, नृत्य और कलात्मक अभिव्यक्तियों से वाला सांस्कृतिक महोत्सव होगा।

भारत के 450 से अधिक जिलों में काम कर रहे अनसुने नायक विशेष समारोह में सम्मानित होंगे।

25-26 मई को 'कैदी कल्याण और नीतिगत सुधार' पर विशेष गोलमेज चर्चा होगी।

# हैदराबाद नंबर-1, पंजाब दूसरे स्थान पर खिसकी

सनराइजर्स हैदराबाद IPL 2026 पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। उसने बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स को 33 रन से हराया। वहीं, पंजाब की टीम दूसरे स्थान पर खिसक गई है। राजीव गांधी उप्पल स्टेडियम में 236 रन चेज कर रही पंजाब की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 202 रन तक ही पहुंच सकी।




### पंजाब लगातार तीसरा मैच हारी, सनराइजर्स की 7वीं जीत

IPL के मौजूदा सीजन में शानदार शुरुआत करने वाली पंजाब किंग्स ने लगातार तीसरा मैच गंवाया है। जबकि हैदराबाद ने सीजन में 7वीं जीत हासिल की है। श्रेयस अय्यर की टीम के पास 10 मैचों में 13 अंक हैं। टीम ने 6 जीत हासिल की है, जबकि एक मैच नो रिजल्ट रहा है। अभी पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अगले 4 में कम से कम 2 मैच जीतने होंगे।

पंजाब के लिए 7वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी कूपर कोनोली और मार्को यानसन ने IPL में पंजाब किंग्स के लिए 7वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। दोनों ने 68 रन जोड़े।

यानसन ने दूसरी बार 60 से ज्यादा रन दिएपंजाब के गेंदबाज मार्को यानसन ने 4 ओवर में 61 रन दिए। उन्होंने IPL में दूसरी बार एक मैच में 60 से ज्यादा रन दिए हैं। इस लिस्ट में अर्शदीप सिंह पहले स्थान पर हैं।

### छक्का लगाने के बाद आउट हुए अभिषेक

हैदराबाद की पारी के चौथा ओवर लॉकी फर्ग्युसन ने किया। ओवर की दूसरी गेंद पर अभिषेक ने फाइनल लेग पर छक्का लगाया। अभिषेक ने अगली गेंद पर भी बड़ा शॉट जमाने की कोशिश की लेकिन पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर को कैच थमा बैठे।

### ईशान किशन को जीवनदान, कोनोली से कैच छूटा

8वें ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर ईशान किशन का आसान कैच छूट गया। ईशान ने लॉकी की मिडिल स्टंप पर शॉर्ट बॉल डीप स्क्वेयर लेग की ओर खेला खेला। जहां कूपर कोनोली खड़े थे। गेंद सीधे कोनोली के हाथ में आई। लेकिन, आखिरी क्षण में कैच छूटा गया। हालांकि, कोनोली ने बाउंड्री बचा ली। यहां ईशान 9 रन पर खेल रहे थे।

### चहल की बॉल पर क्लासन का कैच ड्रॉप

9वें ओवर में युजवेंद्र चहल की गेंद पर हेनरिक क्लासेन को जीवनदान मिल गया। लेग स्टंप के बाहर फुल गेंद पर क्लासेन ने स्वीप खेला, लेकिन टॉप-एज लग गया। गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर सीधे फील्डर के पास गई। शशांक ने दोनों हाथ लगाए, लेकिन कैच नहीं पकड़ पाए और गेंद छूट गई।

14वें ओवर में ईशान किशन ने विजयकुमार वैशाख की बॉल पर लगातार तीन छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी की।

# पूर्व CJI चंद्रचूड़ निपटाएंगे सास-बहू का झगड़ा

- **SC ने कपूर फैमिली विवाद में मध्यस्थ किया नियुक्त**

**नई दिल्ली.** देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (Ex CJI) जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ एक हाई प्रोफाइल बिजनेस फैमिली के झगड़े के सुलझाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कपूर फैमिली विवाद में मध्यस्थ के तौर पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति कपूर फैमिली के पारिवारिक ट्रस्ट से जुड़े विवाद को सुलझाने के लिए की गई है। यह विवाद उस कानूनी लड़ाई का केंद्र बिंदु है, जो पिछले साल जून में व्यवसायी संजय कपूर के निधन के बाद उनके द्वारा छोड़ी गई 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर चल रही है। मुख्य विवाद संजय कपूर की मां रानी कपूर और उनकी पत्नी प्रिया कपूर के बीच है।

शीर्ष अदालत ने कहा है कि यह मध्यस्थता केवल RK ट्रस्ट (यानी रानी कपूर फैमिली ट्रस्ट) और Sona Comstar तथा कपूर परिवार से जुड़ी अन्य कंपनियों तक ही सीमित है; इसमें संजय कपूर की वसीयत शामिल नहीं है। संजय कपूर की माँ, रानी कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक दीवानी मुकदमा दायर किया था, जिसमें उन्होंने इस ट्रस्ट को ₹अवैध और धोखाधड़ी एवं जालसाजी के जरिए बनाया गया₹




घोषित करने की मांग की थी।

- **परिवार के सभी सदस्य मध्यस्थता के लिए राजी**

विवाद में शामिल परिवार के सभी सदस्य ट्रस्ट से जुड़े मामले में मध्यस्थता के लिए पेश होने को राजी हो गए हैं। इनमें संजय कपूर की दूसरी पत्नी करिश्मा कपूर के बच्चे, समायरा और कियान भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जालसाजी का उनका मामला ट्रस्ट से अलग चलेगा। उनकी तीसरी पत्नी, प्रिया कपूर ने अदालत से कहा कि उनके दिवंगत पति की माँ यानी रानी कपूर को सार्वजनिक रूप से घर के झगड़े ज़ाहिर करना बंद कर देना चाहिए। उनका इशारा इस मामले पर सार्वजनिक रूप से की जा रही टिप्पणियों की ओर था।

- **अगली सुनवाई अब अगस्त में होगी**

पीठ ने कहा, "आज संबंधित पक्षों की ओर से पेश सभी वकीलों ने मध्यस्थता के लिए सहर्ष सहमति व्यक्त की है। इसे देखते हुए हम भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ को मध्यस्थ के रूप में नियुक्त करते हैं।" पीठ ने यह भी कहा, " हम मध्यस्थ से प्रारंभिक रिपोर्ट मिलने की प्रतीक्षा करेंगे और उसके बाद मामले में आगे की कार्यवाही करेंगे।"

## संक्षेप...

### घर से 14.25 लाख के गहने की चोरी

**पनवेल.** पनवेल में एक घर से 14 लाख 25 हजार रुपये के गहनों की चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है. चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है. सीसीटीवी के आधार पर पुलिस की टीम आरोपी की तलाश कर रही है. पुलिस के अनुसार चोरी की यह घटना पनवेल के देवदगांव स्थित अनमोल रेजीडेंसी में रहने वाले अक्षय प्रताप पाटिल के घर में हुई. पुलिस के अनुसार पाटिल जब अपने परिवार के साथ घर से बाहर गए थे, तभी चोर उनके घर में घुसा और अलमारी से सोने के हार, नेकलेस, अंगूठी और दूसरे कीमती सामान की चोरी कर के चंपत हो गया.

# भिवंडी का 'भूमि वर्ल्ड' स्कैम पहुंचा कोर्ट में

- **सांसद म्हात्रे ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया**
- **अवैध कंस्ट्रक्शन पर कार्रवाई की मांग की!**

भिवंडी. भिवंडी में बिना इजाज़त कंस्ट्रक्शन का बहुत ज़्यादा चर्चित मुद्दा अब सीधे कोर्ट की लड़ाई तक पहुँच गया है और सांसद सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे ने मुंबई हाई कोर्ट में जनहित याचिका फाइल की है, जिसमें 'भूमि एसोसिएट्स एंड डेवलपर्स' के कथित गैर-कानूनी साम्राज्य को खुले तौर पर चुनौती दी गई है।

एडवोकेट आशीष राजे गायकवाड़ के ज़रिए फाइल की गई इस पिटीशन ने MMRDA एरिया में बिना प्लान के और गैर-कानूनी डेवलपमेंट के मुद्दे को सामने लाया है। पिटीशन में गंभीर आरोप लगाया गया है कि 'भूमि वर्ल्ड' के नाम पर बने इंडस्ट्रियल पार्क, रिटेल मॉल, मल्टीप्लेक्स और दूसरे कमर्शियल प्रोजेक्ट असल में ट्रांसपोर्ट हब, लॉजिस्टिक्स पार्क, गार्डन, मछली मार्केट, सब्जी मार्केट और पानी के चैनल जैसे पब्लिक इस्तेमाल के लिए रिज़र्व ज़मीन पर बनाए गए थे। हैरानी की बात यह है कि दावा किया गया है कि महाराष्ट्र रीजनल एंड टाउन प्लानिंग (MRTP) एक्ट, 1966 के सेक्शन 45 के तहत ज़रूरी डेवलपमेंट परमिशन नहीं ली गई है।





इसके साथ ही, लेआउट अप्रूवल, एनवायरनमेंटल परमिट और फायर डिपार्टमेंट क्लीयरेंस जैसी ज़रूरी मंज़ूरियों की कमी के कारण, यह साफ़ है कि ये कंस्ट्रक्शन न सिर्फ़ गैर-कानूनी हैं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी सीधा खतरा हैं।

इस मौके पर यह भी एक ज्वलंत सवाल उठा है कि जब इतने बड़े पैमाने पर नियमों का उल्लंघन हो रहा है, तो संबंधित अधिकारी चुप क्यों हैं। अब यह कानाफूसी खुलेआम सुनाई देने लगी है कि प्रशासन की यह भूमिका सिर्फ़ निष्क्रियता की है या इसके पीछे कोई 'आशीर्वाद' छिपा है।

इस बारे में, MP सुरेश म्हात्रे ने साफ़ शब्दों में चेतावनी दी है कि यह सिर्फ़ नियमों का उल्लंघन नहीं है, बल्कि सरकारी ज़मीन की खुली लूट है। अगर समय रहते ऐसी चीज़ों को नहीं रोका गया, तो शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए इसके गंभीर नतीजे होंगे। इसलिए, याचिका में इन सभी गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस केस ने एक बार फिर भिवंडी में 'कंस्ट्रक्शन एम्पायर' और उसके पीछे की संभावित चेन को सुर्खियों में ला दिया है, और अब सबका ध्यान इस बात पर है कि हाई कोर्ट इस केस में क्या फैसला लेता है। सवाल यह है कि क्या इस बार सच में एक्शन लिया जाएगा या सब कुछ एक बार फिर 'सेटल' हो जाएगा?

## ऐरोली–काटई कॉरिडोर अपडेट

# फेज-2 पूरा, अंतिम चरण का काम तेज़ी से जारी



**ठाणे.** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने ऐरोली–काटई नाका कॉरिडोर प्रोजेक्ट में बड़ा अपडेट दिया है। अधिकारियों के अनुसार इस महत्वाकांक्षी हाई-स्पीड रोड प्रोजेक्ट का फेज-2 पूरी तरह से पूरा हो चुका है, जबकि अब अंतिम चरण का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है।

यह 12.71 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और कल्याण–डोंबिवली क्षेत्र को जोड़ने के लिए विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में ट्रैफिक दबाव कम करना और यात्रा समय को काफी हद तक घटाना है।

MMRDA के अनुसार, इस प्रोजेक्ट को तीन चरणों में बनाया जा रहा है, जिसमें फेज-2 का पूरा काम अब समाप्त हो चुका है और फेज-1 भी लगभग अंतिम चरण में है। अब ध्यान फेज-3 पर है, जो इस पूरे कॉरिडोर को पूरा करेगा।

**भौगोलिक संदर्भ**

अधिकारियों का कहना है कि पूरा कॉरिडोर चालू होने के बाद मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में यात्रा समय में लगभग 30 से 45 मिनट तक की बचत हो सकती है। इससे खासकर रोजाना सफर करने वाले लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस प्रोजेक्ट में एलिवेटेड रोड और टनल सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे ट्रैफिक को बिना रुकावट के तेज गति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

## पायधुनी परिवार मौत मामला

# फॉरेंसिक रिपोर्ट में ज़िंक फॉस्फाइड की पुष्टि



- **'तरबूज मौत' केस में बड़ा खुलासा**

**मुंबई.** मुंबई के पायधुनी इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की रहस्यमयी मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। फॉरेंसिक जांच में मृतकों के शरीर और तरबूज के नमूनों में ज़िंक फॉस्फाइड नामक जहरीले रसायन के अंश मिले हैं, जो आमतौर पर चूहे मारने की दवा में इस्तेमाल होता है।

यह मामला अप्रैल के आखिर में सामने आया था, जब अब्दुल्ला डोकाडिया, उनकी पत्नी और दो बेटियों की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई थी। शुरुआती जांच में तरबूज खाने के बाद फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई गई थी, लेकिन अब जांच का फोकस जहरीले पदार्थ की ओर मुड़ गया है। फॉरेंसिक साइंस लैब (FSL) की रिपोर्ट के अनुसार, ज़िंक फॉस्फाइड तरबूज और विसरा सैंपल दोनों में पाया गया है। अधिकारियों का मानना है कि जहरीला पाउडर संभवतः तरबूज काटने के बाद डाला गया हो सकता है। हालांकि पुलिस अभी सभी एंगल से जांच कर रही है, जिसमें दुर्घटना, आत्महत्या और साजिश की संभावना भी शामिल है।

इससे पहले माइक्रोबायोलॉजी रिपोर्ट में किसी प्रकार के बैक्टीरियल इन्फेक्शन से इनकार किया गया था, जिसके बाद जांच एजेंसियों का शक ज़हरीले पदार्थ पर गया।

सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी इस मामले को लेकर लोगों में भारी चिंता देखी जा रही है। कई यूज़र्स ने सवाल उठाए कि सामान्य फूड पॉइजनिंग से इतनी तेजी से चार लोगों की मौत होना असामान्य है।

फिलहाल मुंबई पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि जहरीला पदार्थ तरबूज में कैसे पहुंचा।

# कुर्ला में खड़ी AC डबल डेकर बस में रहस्यमयी आग

- **EV फ्लीट की सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल**

**मुंबई.** मुंबई के कुर्ला डिपो में खड़ी एक AC इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस में अचानक आग लगने से बड़ा हादसा टल गया। यह बस पहले से खराब थी और मेंटेनेंस के लिए खड़ी थी, फिर भी इसमें आग लगने की घटना ने अधिकारियों को हैरान कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, यह बस कई दिनों से डिपो में खड़ी थी और सेवा से बाहर थी। अचानक धुआं निकलने के बाद देखते ही देखते पूरी बस आग की चपेट में आ गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिगेड और डिपो स्टाफ ने मिलकर आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

प्राथमिक जांच में इस आग के पीछे बैटरी से जुड़ी 'थर्मल रनअवे' जैसी तकनीकी समस्या की आशंका जताई जा रही है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों में गंभीर जोखिम मानी जाती है। खासतौर पर जब वाहन चार्जिंग या मेंटेनेंस में होता है, तब यह खतरा बढ़ सकता है।

इस घटना के बाद मुंबई की इलेक्ट्रिक बस फ्लीट की सुरक्षा, मेंटेनेंस प्रोटोकॉल और फायर सेफ्टी सिस्टम पर सवाल खड़े हो गए हैं। BEST और बस निर्माता कंपनी द्वारा संयुक्त जांच शुरू कर दी गई है, और सभी इलेक्ट्रिक बसों की अतिरिक्त जांच के निर्देश दिए गए हैं।

# घोड़बंदर रोड पर 'घूमता-फिरता मौत का जाल' खुले डंपरों से बढ़ता खतरा

- **प्रशासन की लापरवाही से यात्रियों की जान खतरे में**

**ठाणे।** सबसे व्यस्त और अहम सड़क मानी जाने वाली घोड़बंदर रोड आजकल यात्रियों के लिए 'मौत का जाल' बनती जा रही है। मेट्रो के काम और बढ़ते ट्रैफिक जाम से पहले से ही परेशान यात्रियों को अब खुले डंपरों से पत्थरों की जानलेवा ढुलाई का सामना करना पड़ रहा है। बिना किसी सुरक्षा सावधानी के तेज रफ्तार से दौड़ रहे इन डंपरों से बड़े हादसे का डर बना हुआ है।

घोड़बंदर रोड पर बड़ी मात्रा में कंस्ट्रक्शन के पत्थर ले जाने वाले डंपर चल रहे हैं। नियमों के मुताबिक, इस तरह से कंस्ट्रक्शन का सामान या पत्थर ले जाते समय उन्हें पूरी तरह से तिरपाल या जाली से ढकना ज़रूरी है। लेकिन, कई डंपर चालक खुले में पत्थरों के ढेर लगाकर और तेज रफ्तार से गाड़ी चलाकर इन नियमों को तोड़ रहे हैं।घोड़बंदर रोड पर भारी संख्या में गाड़ियां चलती हैं। इसी तरह, अगर डंपर से पत्थर निकलकर गिर जाए, तो पीछे से आ रहे टू-व्हीलर वाले की मौके पर ही मौत हो सकती है। अगर अचानक पत्थर गिर जाए, तो पीछे चल रही गाड़ियों का कंट्रोल खोने और चेन एक्सीडेंट होने का बहुत ज़्यादा चांस होता है। सड़कें पतली होने की वजह से, इस डंपर के साथ चलना मौत को बुलावा देने जैसा है।जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस होने के बावजूद, इस तरह खुलेआम नियम तोड़ने वाले डंपर के खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है? लोग गुस्से में यह सवाल पूछ रहे हैं। क्या रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस (RTO) और ट्रैफिक पुलिस सिर्फ कागजों पर नियम बताते हैं या वे असल में सड़क पर एक्शन लेंगे? यह सवाल अब उठ रहा है।



> घोड़बंदर रोड पर खुले डंपरों में पत्थरों की ढुलाई एक लापरवाही भरा काम है जो सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। नियमों को तोड़ने वाले डंपर ड्राइवरों और संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन को किसी बेगुनाह की जान जाने के बाद जागना नहीं चाहिए।
>
> **-मनोहर डुंबरे** (नगरसेवक, ठाणे)

खुले में सामान ले जाने वाले डंपर के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ऐसी गाड़ियों के लाइसेंस तुरंत कैंसिल किए जाने चाहिए घोड़बंदर रोड पर भारी गाड़ियों की स्पीड कम करने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाई जानी चाहिए क्या प्रशासन किसी बेगुनाह की जान जाने से पहले इन 'चलते-फिरते मौत के जाल' पर लगाम लगाएगा? यह सवाल अब ठाणेकर्स पूछ रहे हैं।

# फेरीवालों पर हो रही कार्रवाई का विरोध

## एनसीपी (शप) का एक दिवसीय उपोषण, फेरीवाला नियम 2014 को लागू करने की मांग

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग द्वारा गरीब पथ विक्रेताओं पर की जा रही कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट द्वारा कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका मुख्यालय के बाहर एक दिवसीय सांकेतिक उपोषण किया गया। आंदोलन की अगुवाई कर रहे है शरद पवारगुट के डोंबिवली शहर अध्यक्ष भालचंद्र पाटील ने आरोप लगाया कि महानगरपालिका के अधिकारी सत्ताधारियों से तो मुलाकात करते हैं, लेकिन आम लोगों और फेरीवालों से मिलने के लिए उनके पास समय नहीं है। उन्होंने मांग की कि फेरीवाला कानून 2014 को लागू किया जाए, फेरीवालों का सर्वेक्षण पूरा कर उन्हें अधिकृत परमिट दिए जाएं। इससे फेरीवालों की संख्या नियंत्रित रहेगी और सड़कें तथा फुटपाथ भी खुले रहेंगे।पाटील ने कहा कि महानगरपालिका के अधिकारी भ्रष्टाचार कर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यदि आगामी दो दिनों के भीतर आयुक्त ने गरीब मेहनतकश लोगों को न्याय नहीं दिया, तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट की ओर से बेमियादी आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।




## कल्याण स्टेशन पर ठंडे पानी की सुविधा

**कल्याण.** कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1A पर ठंडे पानी के प्याऊ से कंप्रेसर चोरी होने के मामले के बाद आखिरकार यात्रियों को फिर से राहत मिल गई है. अग्रवाल समाज की शिकायत पर रेल प्रशासन ने वहां नया वाटर कूलर लगाकर ठंडे पानी की सुविधा दोबारा शुरू कर दी है. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले प्लेटफॉर्म नंबर 1A पर अग्रवाल समाज कल्याण संस्था द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए प्याऊ से अज्ञात चोर कंप्रेसर और अन्य जरूरी सामान चोरी कर ले गए थे. इस घटना के बाद स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे थे और यात्रियों को गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था.

# नोरा फतेही ने अश्लील गाने पर माफी मांगी

- **महिला आयोग से बोलीं- अब ऐसे आइटम सॉन्ग नहीं करूंगी**
- **अश्लीलता फैलाने का इरादा नहीं था**

फिल्म 'KD द डेविल' के गाने 'सरके चुनर' में अश्लीलता फैलाने के मामले में गुरुवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) के सामने पेश हुईं। नोरा ने आयोग को लिखित माफीनामा सौंपा और स्पष्ट किया कि उनका इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था।



नोरा ने महिला आयोग से कहा की आगे से वे ऐसे आइटम सॉन्ग्स नहीं करेंगी जिससे महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचे या समाज में महिलाओं के प्रति गलत संदेश जाए। इसी के साथ नोरा ने अनाथ बच्चियों के की शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेदारी भी ली है।

### 'मुझे हिंदी वर्जन की जानकारी नहीं थी'

दिल्ली में महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया रहाटकर के सामने पेश होने के बाद नोरा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, ̄मैंने लिखित में माफी मांग ली है। एक कलाकार के तौर पर मैं अपनी जिम्मेदारी समझती हूं। मेरा इरादा किसी को आहत करने का नहीं था, लेकिन यह एक ऐसी स्थिति थी जिसमें मुझे डाल दिया गया था।

इससे पहले नोरा ने दावा किया था कि उन्होंने केवल कन्नड़ वर्जन के लिए शूटिंग की थी और उनकी सहमति के बिना इसे हिंदी में डब किया गया।

### अनाथ लड़कियों की पढ़ाई का उठाएंगी खर्च

माफी मांगने के साथ ही नोरा ने घोषणा की कि वह अनाथ लड़कियों की शिक्षा को स्पॉन्सर करेंगी। नोरा ने कहा, ̄समाज को वापस लौटाना बहुत जरूरी है। इसलिए मैंने तय किया है कि मैं कुछ अनाथ बच्चियों की पढ़ाई का खर्च उठाऊंगी।

# कोस्टल रोड से ठाणे का ट्रैफिक जाम कम होगा

- **28 परसेंट काम पूरा, दो साल में चालू हो जाएगा**
- **विधायक संजय केलकर ने अधिकारियों के साथ इंस्पेक्शन किया**

**ठाणे.** खारीगांव से गायमुख तक 23 km लंबा कोस्टल रोड एक गेम चेंजर प्रोजेक्ट होगा और दिसंबर 2028 तक खुल जाएगा। इस प्रोजेक्ट से घोड़बंदर रोड समेत अंदरूनी सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। संजय केलकर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का 28 परसेंट काम पूरा हो चुका है, और संबंधित अधिकारियों को कंडलवन में आने वाली रुकावटों को दूर करने का निर्देश दिया।विधायक केलकर ने आज MMRDA के चीफ इंजीनियर और कॉन्ट्रैक्टर कंपनी के अधिकारियों के साथ बालकुम में प्रोजेक्ट का इंस्पेक्शन किया। इस मौके पर अधिकारियों ने प्रोजेक्ट की प्रोग्रेस के बारे में जानकारी दी।इस प्रोजेक्ट का काम छह महीने पहले शुरू हुआ था और यह काम 40 महीने में पूरा हो जाएगा।मैंग्रोव लोकेशन पर इस रोड के कुछ हिस्से एलिवेटेड हैं और यह काम 2028 तक पूरा हो जाएगा यह केलकर ने मीडिया को बताया। घोड़बंदर रोड पर भारी गाड़ियों के ट्रैफिक की वजह से ठाणेकरों को पूरे साल जाम का सामना करना पड़ता है। केलकर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से इस ट्रैफिक का प्रेशर काफी कम हो जाएगा और कलवा से आने वाले ट्रैफिक को भी राहत मिलेगी। इस समय रिव्यू मीटिंग में संजय पाटिल, सूरज दलवी, जितेंद्र मढ़वी और अधिकारी मौजूद थे।



### मैंग्रोव जंगल पर कब्ज़ा

कोस्टल रोड का एक हिस्सा मैंग्रोव जंगल एरिया में ऊंचा है और इंस्पेक्शन टूर के दौरान पता चला कि इस जगह पर बहुत ज़्यादा कब्ज़ा है। कुछ जगहों पर बिना इजाज़त कंस्ट्रक्शन चल रहा है और कुछ जगहों पर बहुत ज़्यादा मिट्टी भर दी गई है। ये कब्ज़ा कोस्टल रोड प्रोजेक्ट में रुकावट डालेगा और इन्हें तुरंत हटाया जाना चाहिए विधायक संजय केलकर ने कहा, जिन्होंने मैंग्रोव फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिया।


## उल्हासनगर महानगरपालिका मालमत्ता कर विभाग प्रसिध्दीकरिता

उल्हासनगर शहरातील नागरिक व बंधू भगिनींना आवाहन करण्यात येते की, उल्हासनगर महानगरपालिका मालमत्ता कर विभागातील कर आकारणी नोंद वहीत अशा काही मालमत्ता आहेत परंतु त्या प्रत्यक्षरित्या संबंधित प्रभाग / क्षेत्रात सापडत नाहीत. (Not Found) अशा मालमत्तांची यादी उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या अधिकृत वेबसाईट www.umc.gov.in वर प्रसिध्द करण्यात येते आहे.

तरी प्रसिध्द करण्यात आलेल्या यादीत ज्या मालमत्ता धारकांच्या नावाची नोंद आहे. अशा मालमत्ता धारकाने मालमत्ता कर विभागात दिनांक 15/05/2026 पुर्वी आपल्या मालमत्तेसंबंधीची दस्ताऐवज घेवून उपस्थित रहावे. त्यानंतर सदर मालमत्तांबाबत महाराष्ट्र महानगरपालिका 3 अधिनियमातील तरतुदीनुसार मालमत्तेमधील रक्कम व मालमत्ता नोंद रद्द करण्याची कारवाई करण्यात येइल याची कृपया नोंद घ्यावी.

सही/-
**मनिषा आव्हाळे (भा.प्र.से.)**
आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

**जाक्र. उमपा/पीआरओ/694/2026**
**दि. 7.5.2026**



## आम सूचना

मैं श्री रघुनाथ रतन नायडू सभी को सूचित कर रहा हूं किरुम, यूएमसी स्विमिंग पूल के पीछे, उल्हासनगर- 3 (टैक्स नं. 29सीओ005341500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कस्तूरी रतन नायडू के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट 20.12.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रघुनाथ रतन नायडू**










यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099